# न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, सिमरिया।

दाखिल–खारिज वाद संख्या–06/2017–18

प्रथम पक्षः– शिवप्रसाद नौनिया, ग्राम–चुरी पूर्वी, थाना–खलारी, जिला–रांची।

बनाम

द्वितीय पक्षः– अंचल अधिकारी, टण्डवा, जिला–चतरा।

1

2

3

## आदेश

इस दाखिल–खारिज अपील वाद की प्रक्रिया अपीलकर्त्ता शिवप्रसाद नौनिया, पिता–स्व0 बालकेश्वर प्रसाद नौतिया, ग्राम–चूरी पूर्वी, थाना–खलारी, जिला–चतरा के दाखिल–खारिज अपील अभ्यावेदन पर प्रारम्भ किया गया। यह अपील वाद अपीलकर्त्ता के द्वारा अंचल अधिकारी, टण्डवा के विरूद्ध लाया गया है। दाखिल–खारिज अपील वाद से संबंधित भूमि की विवरणी निम्नवत् है :–

| मौजा का नाम | खाता नं0 | प्लॉट संख्या | रकबा |
|---|---|---|---|
| देवलगडा | 27 | 238, 249, 240, 241 | 3.68 एकड़ |

इस वाद की प्रक्रिया में प्रथम पक्ष ने लिखित कारण–पृच्छा के माध्यम से इस न्यायालय को यह बताया है कि प्रश्नगत भू–खण्ड अपीलकर्त्ता को केवाला से प्राप्त है, जिसका केवाला संख्या–2516, दिनांक–03.05.1994 द्वारा रकबा–1.84 एकड़ एवं केवाला संख्या–2517, दिनांक–03.05.1994 द्वारा रकबा–1.84 एकड़, कुल रकबा–3.68 एकड़ भूमि है। यह कि यह केवाला जगदेव साव, पिता–स्व0 गोविन्द साव, साकिन–कुण्डी, थाना–टण्डवा से हासिल है। यह कि जगदेव साव, पिता–स्व0 गोविन्द साव को यह भूमि हुकुमनामा से हासिल है। प्रश्नगत भू–खण्ड प्राप्त होने के बाद इन्होंने नामान्तरण हेतु अंचल कार्यालय, टण्डवा में आवेदन दिया, जिसे अंचल अधिकारी, टण्डवा के द्वारा वाद संख्या–304/2011–12 एवं 305/2011–12 के द्वारा नामान्तरण अस्वीकृत कर दिया गया।

वाद की सुनवाई के दौरान प्रश्नगत भू–खण्ड से संबंधित प्रतिवेदन अंचल अधिकारी, टण्डवा से मांग की गई थी। अंचल अधिकारी, टण्डवा का पत्रांक–644, दिनांक–15.06.2018 द्वारा उपलब्ध कराया गया, जिसमें उन्होंने यह प्रतिवेदित किया है कि उक्त भू–खण्ड का दाखिल–खारिज वाद संख्या–304/2011–12 एवं 305/2011–12 में अस्वीकृत किया गया है। साथ हीं साथ यह भी प्रतिवेदित है कि विक्रेता का पंजी–2 में जमाबन्दी कायम नहीं है तथा दखल–कब्जा भी नहीं है। विदित हो कि भूमि का किस्म गैरमजरूआ खास होने से यह मामला संदेहास्पद की श्रेणी में है।

अतः वर्णित स्थिति में दाखिल–खारिज अपील वाद को स्वीकृत नहीं किया जा सकता है। वाद की अग्रेत्तर कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

04/8/2023

Digitally signed by SUNNY RAJ
Date: 2024.07.20 13:39:41 +05:30
Location: 192.168.209.12

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सिमरिया।

04/8/2023

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सिमरिया।